Mahendra's Daily Current Affairs: 01.03.2021

1-Ministry of Ports, Shipping and Waterways is organizing 'Maritime India Summit 2021' on a virtual platform www.maritimeindiasummit.in, from 2nd March to 4th March 2021, to promote both international and domestic investment in the Ports and Maritime Sector.

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पत्तन एवं समुद्री क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू निवेश को बढ़ावा देने के लिए **2** मार्च से **4** मार्च, **2021** तक एक आभासी (वर्चुअल) प्लेटफॉर्म **www.maritimeindiasummit.in** पर 'भारतीय समुद्री शिखर सम्मेलन (एमआईएस)- **2021'** का आयोजन कर रहा है।

2-International Commission on Large Dams (ICOLD) in collaboration with Central Water Commission (CWC), Dam Rehabilitation Improvement Project (DRIP) and National Hydrology Project (NHP) organised Symposium on "Sustainable Development of Dams and River Basins" under the aegis of ICOLD at New Delhi as Hybrid event from 24th - 27th February 2021.

केंद्रीय जल आयोग, डैम रिहैबिलिटेशन इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट और नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट के सहयोग से बड़े बांधों पर अंतर्राष्ट्रीय आयोग (आईसीओएलडी) ने आईसीओएलडी के तत्वावधान में "बांधों और नदियों के सतत विकास" पर संगोष्ठी का नई दिल्ली में **24** से **27** फरवरी, **2021** तक एक हाइब्रिड कार्यक्रम के रूप में आयोजन किया।

3-Prime Minister Narendra Modi laid the foundation stone of multiple infrastructure projects worth over 12 thousand 400 crore rupees in Coimbatore, the manchester of South India.

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण भारत के मैनचेस्टर कोयम्बटूर में **12** हजार **400** करोड़ रुपए से अधिक लागत की आधारभूत संरचना से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

4-President Ram Nath Kovind performed Bhoomi Pujan of a huge sports enclave in Ahmedabad, Gujarat named after Bharat Ratna and brave son of Gujarat, Sardar Vallabhbhai Pate.

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अहमदाबाद, गुजरात में भारत रत्न व गुजरात की भूमि के वीर सपूत सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम से एक विशाल स्पोर्ट्स एन्क्लेव का भूमि पूजन किया।

5-Rear Admiral Ajay Kochhar, NM took over as the Flag Officer Commanding Western Fleet (FOCWF) from Rear Admiral Krishna Swaminathan, AVSM, VSM at a formal ceremony held onboard the aircraft carrier INS Vikramaditya.

रियर एडमिरल अजय कोचर, एनएम ने विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रमादित्य पर एक औपचारिक समारोह में रियर एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, एवीएसएम से फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग वेस्टर्न फ्लीट (एफओसीडब्ल्यूएफ) का पदभार ग्रहण किया।

6-Vijay Sampla assumedthe charge of Chairman National Commission for Scheduled Castes(NCSC) in New Delhi.

विजय सांपला ने नई दिल्ली में अनुसूचित जातिके लिए राष्ट्रीय आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष (चेयरमैन) का पदभार ग्रहण किया।

7-A contract for construction of Eight Missile Cum Ammunition Barges (MCA) has been concluded with M/s SECON, Visakhapatnam a MSME.

मैसर्स सीकोन (एसईसीओएन), विशाखापट्टनम के साथ भारतीय नौसेना ने आठ मिसाइल सह गोला बारूद वाली नौकाओं के निर्माण के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

8-India hosted a Meeting of BRICS Finance and Central Bank Deputies virtually.

भारत ने ब्रिक्स फाइनेंस और केंद्रीय बैंकों के पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक की मेजबानी की।

9-Scientists have developed a small molecule that disrupts the mechanism through which neurons become dysfunctional in Alzheimer's disease (AD).

वैज्ञानिकों ने एक छोटा अणु विकसित किया है, जो उस प्रक्रिया को बाधित कर सकता है जिसके माध्यम से अल्जाइमर्स बीमारी (एडी) में न्यूरॉन निष्क्रिय हो जाते हैं।

10-President Ram Nath Kovind inaugurated the newly constructed world's largest Cricket Stadium at Motera in Ahmedabad.

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अहमदाबाद के मोटेरा में नवनिर्मित विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का उदघाटन किया।